प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांक : 11.08.2025 समय : 01:00 पी.एम.

00000

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत आज झुंझुनू से देश के 30 लाख से अधिक किसानों को 3 हजार 200 करोड़ रुपये से अधिक के बीमा दावों का वितरण करेंगे। कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय ने बताया कि इस दौरान किसानों को साल 2023–24 और 2024–25 के फसलों के खराबे की राशि बैंक खातों में हस्तांतरित की जाएगी। इन दावों का भुगतान प्रत्यक्ष लाभ अंतरण – डीबीटी के जरिए किया जाएगा। झुंझुनूं में होने वाले कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, केन्द्रीय कृषि राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी और प्रदेश के कृषि मंत्री किरोडी लाल मीणा मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान राजस्थान के किसानों को एक हजार 121 करोड़ रुपये का वितरण किया जायेगा। प्रदेश के विभिन्न जिलों से लगभग 35 हजार किसान इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। वहीं 23 अन्य राज्यों से लाखों किसान वर्चुअल माध्यम से जुडेंगे।

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में बाबा खड़क सिंह मार्ग पर सांसदों के लिए नवनिर्मित 184 बहुमंजिला फ्लैटों का उद्‌घाटन किया। इस अवसर पर श्री मोदी ने कहा कि 2014 के बाद अब तक सांसदों के लिए लगभग 350 नए फ्लैटों का निर्माण किया गया है। उन्होंने कहा कि 2004 से 2014 के बीच सांसदों के लिए एक भी नया आवास निर्मित नहीं किया गया था। श्री मोदी ने कहा कि विभिन्न राज्यों के सांसद इन आवासों में एक साथ रहते हैं। यह एक भारत–श्रेष्ठ भारत के दृष्टिकोण का परिचायक है।

0000

प्रदेश में हर घर तिरंगा अभियान के तहत आयोजित हो रही गतिविधियों की कडी में आज पाली में तिरंगा रैली निकाली गई। रैली व्यास सर्कल से शुरू होकर सूरजपोल होते हुए कलेक्ट्रेट परिसर आकर समाप्त हुई। रैली में बड़ी संख्या में स्कूली विद्यार्थियों, एनसीसी कैडेट्स, स्काउट गाइड और समाजसेवियों ने भाग लिया। भरतपुर में भी आज तिरंगा साइकिल रैली निकाली गई। रैली को जिला कलेक्टर कमर चौधरी ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना। रैली पुलिस परेड ग्राउण्ड से शुरू होकर शहीद स्मारक स्थल पर समाप्त हुई। जहां शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया गया। कोटपूतली बहरोड में भी तिरंगा रैली का आयोजन हुआ।

0000

बीकानेर जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने कल कलक्ट्रेट में हरियालो राजस्थान अभियान को लेकर विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में जिला कलेक्टर ने कहा कि अभियान के तहत लगाये गये पौधो की जियो टैगिंग करना सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा कि कुछ विभागों ने जितना पौधरोपण किया है, उसके मुकाबले जियो टैग बहुत कम किया है। ऐसे विभागों के खिलाफ चार्जशीट दी जाएगी। उन्होंने बताया कि जिले में विभिन्न विभागों द्वारा कुल 66 लाख 54 हजार 465 पौधे लगाने का लक्ष्य दिया गया है। जिनमें से अब तक 38 लाख 33 हजार से ज्यादा पौधे लगाए जा चुके हैं। इनमें से 31 लाख 43 हजार 600 पौधों का जियो टैग किया जा चुका है।

0000

हनुमानगढ़ जिले में चल रहे गोगामेड़ी मेले में विभिन्न स्थानों से श्रद्धालु पंहुच रहे है। श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा नियमित रूप से मेले में लगी दुकानों का निरीक्षण कर खाद्य सामग्री, मिठाई और पेय पदार्थों के सैम्पल लिए जा रहे हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि कल जांच के दौरान 45 लीटर खराब कोल्डड्रिंक मौके पर नष्ट करवायी गयी। साथ ही व्यापारियों को शुद्ध और स्वच्छ खाद्य सामग्री बेचने के लिए पाबंद किया गया। इस दौरान साफ–सफाई रखने के लिए विशेष दिशा–निर्देश दिए गए। संग्रहित किए गए सैम्पल को जांच के लिए बीकानेर स्थित जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला में भेजा गया है।

0000

विश्व हाथी दिवस के अवसर पर कल राजधानी जयपुर के आमेर स्थित हाथी गांव में फैशन शो का आयोजन किया जायेगा। हाथी गांव विकास समिति के अध्यक्ष ने बताया कि फैशन शो में हाथी पूरे पारंपरिक शाही श्रृंगार और पोशाक के साथ सज संवरकर रैंप वॉक करते हुए नजर आएंगे।
हाथियों के चेहरे और शरीर पर प्राकृतिक रंगों से फूल, बेल बूटे, धार्मिक चिह्न और राजसी प्रतीक की विशेष चित्रकारी की जायेगी। हाथी गांव में इस अनूठे फैशन शो को आम जनता निशुल्क देख सकेगी।
00000